केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान

मखदूम, फरह–281122, मथुरा (उत्तरप्रदेश) भारत

CENTRAL INSTITUTE FOR RESEARCH ON GOATS

MAKHDOOM, P.O. FARAH, 281122, MATHURA (UP) INDIA

दिनांकः 11 जुलाई, 2014

समाचार विज्ञप्ति

संस्थान में 35वॉ स्थापना दिवस मनाया गया

अवगत कराना है कि केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम, फरह मथुरा द्वारा आज दिनांक 11.7.2014 को 35वॉ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया । आज से ठीक 35 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 1979 को संस्थान को पूर्ण कालिक दर्जा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त किया गया। संस्थान में कुल 39 वैज्ञानिक अनुसंधान कार्य में कार्यरत हैं। संस्थान द्वारा पिछले वर्षो में किये गये अनुसंधान और उससे विकसित की गई नवीन तकनीकों का उपयोग करके देश के विभिन्न भागों में (महाराष्ट्र, पंजाब, छत्तीसगढ़, हरियाणा , बिहार एवं उत्तर प्रदेश इत्यादि) संस्थान द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करके व्यावसायिक बकरी पालन फार्म स्थापित किये जा चुके हैं तथा सफलतापूर्वक चल रहे हैं।

मुख्य कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्वाहन 10.00 बजे –11.00 बजे तक संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रम दान किया गया तथा 11.00 बजे से 12.00 बजे तक संस्थान के बरबरी पशु प्रक्षेत्र व जमुनापारी पशु प्रक्षेत्र पर सघन वृक्षारोपण के अन्तर्गत बरगद, पीपल, गूलर, छौंकरा, बबूल इत्यादि के लगभग 150 वृक्ष लगाये गये। 12.00 बजे से संस्थान के केन्द्रीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री यतीन्द्र चतुर्वेदी, निदेशक, आकाशवाणी मथुरा–वृन्दावन उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक द्वारा पिछले 35 वर्षो के दौरान संस्थान में किये गये आधारभूत विकास कार्यो व अनुसंधानों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा उन्होने भविष्य में अनुसंधान एवं विकास हेतु किये जाने वाले कार्यो पर प्रकाश डाला तथा संस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में पूरे विकास के लिए समस्त वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास के लिए सराहना की। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा सी.आई.आर.जी. गीत की सी0डी0 का अनावरण किया गया। इस सी.डी. में गीत की रचना संस्थान के तकनीकी अधिकारी श्री शिवचरण लाल गौतम द्वारा की गयी तथा इसमें संगीत आकाशवाणी संगीत निदेशक श्री गुप्ता जी द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के सामूहिक प्रयासों से बकरियों के शारीरिक भार व दुग्ध उत्पादन में होने वाली उत्तरोतर वृद्धि तथा मृत्यु दर में आशातीत कमी के लिए संस्थान के सभी कर्मचारियों के द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की तथा उनके आशा व्यक्त की गई कि भविष्य में इसी तरह का सहयोग समस्त कर्मचारियों द्वारा प्रदान किया जायेगा। उन्होने संस्थान के कर्मचारियों की पदोन्नति सम्बन्धी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी समस्याओं का समाधान प्रत्येक दशा में दिसम्बर, 2014 तक कर दिया जायेगा। मुख्य अतिथि श्री यतीन्द्र चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि वे प्रायः इस संस्थान में समय–समय पर कार्यक्रम निर्माण के लिए आते रहे हैं तथा उनकी दृष्टि में संस्थान में काफी संतोषजनक प्रगति की है। उन्होने दिनांक 12.7.2014 से संस्थान के सहयोग से आकाशवाणी में आयोजित किये जाने वाले फार्म स्कूल आन एयर का जिक्र भी किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा विशिष्ट विषयों पर आकाशवाणी में व्याख्यान प्रसारित किया जायेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बकरी पालक किसानों द्वारा सुनने के पश्चात कार्यक्रम के अन्त में पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर संस्थान को भेजे जायेगें तथा इनमें से मूल्यांकन के पश्चात प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार बकरी पालकों को दिया जायेगा।

कार्यक्रम का संचालन डा. एच.ए. तिवारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा व धन्यवाद ज्ञापन डा. सतीश कुमार जिन्दल, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा दिया गया।

संस्थान सस्थापना दिवस के अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा वृक्षारोपरण करते हुये।

संस्थान सस्थापना दिवस के अवसर पर आकाशवाणी, मथुरा के निदेशक महोदय द्वारा वृक्षारोपण करते हुये ।

संस्थान सस्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण करते हुये ।